आकाशवाणी भोपाल

**शाम के समाचार**

प्रादेशिक समाचार

14.10.2024 7.10 PM

**मुख्य समाचार...**

- सर्वोच्च न्यायालय ने कोविड-19 वैक्सीन के कारण रक्त के थक्के जमने जैसे दुष्प्रभावों का आरोप लगाने वाली याचिका की खारिज ।
- 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा, राज्यों की श्रेणी में ओडिशा ने जीता पहला पुरस्कार।
- कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बाड़ों में रखे गए अफ्रीकी चीतों को जल्द ही खुले जंगल में छोड़ा जाएगा।
- बीएचईएल स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स का संचालन खेल विभाग के माध्यम से करने के लिए प्रस्ताव भेजेगी सरकार।

**सर्वोच्च न्यायालय-कोविड**

सर्वोच्च न्यायालय ने आज कोविड-19 वैक्सीन के कारण रक्त के थक्के जमने जैसे दुष्प्रभावों का आरोप लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए दायर की गई थी। एक अन्य मामले में, शीर्ष अदालत ने एक गैर सरकारी संगठन की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्र को दूरदर्शन पर 24 घंटे का सिंधी भाषा का चैनल शुरू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

**राष्ट्रीय जल पुरस्कार**

आज नई दिल्ली में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 की घोषणा की गई। राज्यों की श्रेणी में ओडिशा ने पहला पुरस्कार जीता है ।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस महीने की 22 तारीख को नई दिल्ली में ये पुरस्कार प्रदान करेंगी। नौ श्रेणियों में संयुक्त विजेताओं सहित कुल 38 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक प्रशस्ति पत्र और एक ट्रॉफी के साथ-साथ कुछ श्रेणियों में नकद पुरस्कार भी मिलेगा।

**विश्व मानक दिवस**

उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय मानक ब्यूरो-बीआईएस द्वारा लगभग सात सौ 32 उत्पादों के लिए 150 से अधिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिसूचित किए गए हैं। नई दिल्ली में विश्व मानक दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि देश के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्राप्त हों। वहीँ, आकाशवाणी से बातचीत में उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने उपभोक्ताओं से बीआईएस मार्क वाले उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया।

**गडकरी-जैव ईंधन**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश भर में इथेनॉल जैव ईंधन के चार सौ पंप स्थापित किए जा रहे हैं। वे आज नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित जैव ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2024 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि तीन ऑटोमोबाइल कंपनियां जल्द ही फ्लेक्स-इंजन वाहन बाजार में लाएंगी। उन्होंने कहा कि देश में जैव ईंधन आर्थिक रूप से व्यवहार्य है।

**एक पेड़ मां के नाम**

एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत देश भर में लगभग 93 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इस अभियान में हिस्सा लेने वाले अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों के प्रयासों की सराहना की। श्री यादव ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार नवीकरणीय ऊर्जा, कम कार्बन उत्सर्जन और प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि धरती को हरा भरा रखा जा सके।

**माइनिंग कॉन्क्लेव**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 17 और 18 अक्टूबर को मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2024 का शुभारम्भ करेंगे. यह कॉन्क्लेव कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल में आयोजित किया गया है. इसमें खनिज संसाधनों के विकास और निवेश की नई संभावनाओं पर चर्चा होगी ।

**कूनो-चीता**

कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बाड़ों में रखे गए अफ्रीकी चीतों को जल्द ही खुले जंगल में छोड़ दिया जाएगा। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार चीतों और उनके शावकों को खुले में छोड़ने का निर्णय केंद्र की चीता परियोजना संचालन समिति की सिफारिश पर लिया गया है। इन चीतों को चरणबद्ध तरीके से बाड़ों से छोडा जाएगा। इस समय राष्ट्रीय उद्यान में 12 शावकों सहित 24 चीते हैं। सरकार देश में और अधिक चीते लाने के लिए विभिन्न देशों के साथ बातचीत कर रही है।

**विश्व प्रवासी पक्षी दिवस**

प्रवासी पक्षियों के संरक्षण और उनकी जैव विविधता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विश्व प्रवासी पक्षी दिवस मनाया जाता है। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस पर नर्मदापुरम जिले के हिल स्टेशन पचमढ़ी में
उनके संरक्षण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं. वाइल्ड फोटोग्राफर और पर्यावरणविद डॉ बसन्त मिश्रा ने इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

**बीएचईएल स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स**

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश ने आज भोपाल में बीएचईएल स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। श्री सारंग ने कहा कि बीएचईएल स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स का संचालन खेल विभाग के माध्यम से हो, इसकी प्राथमिक रूप रेखा तैयार की गई है। इसके लिये केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्रालय को प्रस्ताव

बनाकर भेजने के निर्देश दिये गये हैं। श्री सारंग ने कहा कि लगभग पौने 200 एकड़ जमीन पर यह कॉम्पलेक्स बना है, इसके रख-रखाव का अभाव है। प्राथमिक रूप से लोकल मैनेजमेंट ने इसकी सहमति दी है। इसे जल्द ही खेल विभाग के अंतर्गत लाकर एक अच्छा खेल परिसर बनाया जायेगा ।

<u>समाचार संक्षेप में...</u>

1. गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में 2 हजार 545 मैट्रिक टन खाद की रैक पहुंच गई है। रबी सीजन में किसानों को कोई परेशानी न हो इसके लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली में मंत्रालय में बात कर किसानों की इस समस्या के समाधान के प्रयास किए थे.

2. रायसेन नगर के सागर मार्ग पर स्थित वन परिसर में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र पटेल द्वारा टीबी मुक्त पंचायतों को आवार्ड देकर सम्मानित किया गया। श्री पटेल ने कहा कि वर्ष 2025 तक रायसेन जिले और प्रदेश को टीबी मुक्त करना है.

3. भिंड जिले में आयुष विभाग द्वारा आज आयुष ग्राम पिडोरा में निःशुल्क आयुष चिकित्सा परामर्श, योग एवं जनजागृति शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 108 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

4. धार जिला मुख्यालय पर आज आयोजित रोजगार मेले में 105 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया था , इसमें से कुल 47 युवाओं का विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया।

5. भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर के छात्र आर्थिक, सामाजिक और विकास संबंधी मुद्दों को समझने के लिए आगरमालवा जिले के विभिन्न ग्रामों में एक सप्ताह तक भ्रमण करेंगे ।

6. बैतूल में शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कल जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है।

7. अनूपपुर में संभाग स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत लहसुना के शासकीय माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में किया जाएगा।

8. खण्डवा जिला चिकित्सालय सह शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के बी ब्लॉक में गर्भपात देखभाल प्रशिक्षण केंद्र कक्ष का शुभारंभ आज डॉ. बरखा कोचले द्वारा फीता काटकर किया गया।

9. कटनी जिले के बड़ेरा मोड़ पर आज एक ऑटो को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी । आटो में सवार एक वृद्ध की इस घटना में मौत हो गई जबकि 9 अन्य घायल हो गए।

-----------------------